दिनांक : 04/11/2026 **समय :7.10एएम**

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-अवैध शराब के परिवहन, भण्डारण और क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध सरकार की प्राथमिकता।

ऽ इंदौर, भोपाल और उज्जैन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 15 नए सैटेलाइट टाउन विकसित किए जाएंगे।

ऽ लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' के संकल्प के साथ आज भोपाल में पदयात्रा, केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल।

और

ऽ प्रदेश में मुरासु तूफान का असर, आज और कल बारिष का अलर्ट।

अब समाचार विस्तार से:-

प्रधानमंत्री-भूटान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान की ओर से उन्हें समर्पित स्तूप के लिए राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और वहां की जनता का आभार व्यक्त किया है। भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में बनाए गए 108 स्तूपों में से 76वां स्तूप एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह भारत की जनता की ओर से इस सम्मान को गहरी कृतज्ञता के साथ स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि 76वां स्तूप जांगचुब चोर्टेन भारत और भूटान की साझा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का स्थायी प्रतीक बना रहेगा।

मुख्यमंत्री-बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही का अभियान जारी रहेगा। कल मुख्यमंत्री निवास में बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अवैध शराब के परिवहन, भण्डारण और क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली पर प्रतिबंध के बावजूद उपयोग की जाने वाली विस्फोटक सामग्री पर रोक लगाई गई है। अभिभावकों से भी अपने बच्चों को ऐसे पटाखों जिसमें कार्बाइड गन भी शामिल है, से बचाने का आहवान किया है।

कैबिनेट बैठकः मध्यप्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के समग्र विकास, पर्यावरण संतुलन और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 23 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के कई महत्वपूर्ण वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के समक्ष इंदौर में आयोजित हुए अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश के शहरी विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। इसके अंतर्गत वर्ष 2026 की नई शहरी विकास नीति के तहत इंदौर, भोपाल और उज्जैन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 15 नए सैटेलाइट टाउन विकसित करने की योजना है। वहीं एमएसएमई मंत्री चेतन्य काष्यप ने प्रेस वार्ता में बताया कि कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा ली गई बैठक में जानकारी दी गई कि 15 नवंबर को जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मध्यप्रदेश में भव्य रूप से मनाई जाएगी.....

मध्यप्रदेषः राज्यसभा चुनाव

प्रदेश से राज्यसभा की एकमात्र सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कल नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें भाजपा उम्मीदवार हरदीप सिंह पुरी का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। वहीं, कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी और एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। अब 5 नवंबर को दोपहर तीन बजे नाम वापसी की समय सीमा खत्म होने के बाद हरदीप पुरी का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

टीआई हत्याकांडः शॉर्ट एनकाउंटर

खातेगांव थाना प्रभारी टीआई दिलीप पुरी की ट्रक से कुचलकर कथित हत्या के मामले में देवास पुलिस की कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के शॉर्ट एनकाउंटर हुए हैं। हत्याकांड के मुख्य आरोपी गजेंद्र रावत उर्फ अक्कू और आइशर वाहन के चालक का सह आरोपी धीरज पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश के दौरान गोली लगने से घायल हुए हैं। दोनों घटनाएं अलग-अलग स्थानों पर हुईं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के हथियार

छीनकर भागने और हमला करने का प्रयास किया था। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। घायलों को देवास जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज भोपाल में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' के संकल्प के साथ पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल सहित प्रदेश शासन के मंत्री, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। पदयात्रा सुबह 10 बजे अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा, टीटी नगर से प्रारंभ होकर रोशनपुरा तक पहुंचेगी। 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' कार्यक्रम के चलते षहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सुबह आठ बजे से भदभदा चौराहा, जवाहर चौक, रोषनपुरा और पॉलिटेक्निक चौराहे सहित आसपास के मार्गों पर यातायात का दबाव रहेगा। पुलिस ने नागारिकों से वैकल्पिक मार्गों के उपयोग करने और निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

सरकार-ए.आई पहल

भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के क्षेत्र में एक बड़ी पहल की है। सरकार ने कल तीन स्वदेशी एआई मॉडल का शुभारंभ किया। इनमें सॉकेट लैब्स का एका-1 और जेन टेक आईक्यू के धीर-2बी और धीर-5बी मॉडल शामिल हैं। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि इन मॉडल्स का उपयोग साइबर सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में किया जा सकता है। ये एआई मॉडल्स बिना इंटरनेट वाले सुरक्षित कंप्यूटर नेटवर्क के लिए भी उपयोगी साबित हो सकते हैं।

क्रेता-विक्रेता शिविर

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के क्रियान्वयन और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने का अभियान शुरू किया जा रहा है। योजना के ब्याज अनुदान योजना (इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम- आईएसएस) घटक के तहत ई.डब्लू.एस., एल.आई.जी. एवं एम आई जी वर्ग के पात्र परिवारों को गृह ऋण पर अधिकतम 1.80 लाख रूपए तक का ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में प्रत्येक शुक्रवार (अथवा स्थानीय आवश्यकतानुसार किसी अन्य निर्धारित दिवस पर) विशेष क्रेता-विक्रेता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

आशा कार्यकता चयन

प्रदेश में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 3 हजार 62 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनाने के लिए एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इच्छुक पात्र महिलाएं 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगी।

चयन के लिए आवेदिका का संबंधित ग्राम की निवासी एवं विवाहित महिला होना अनिवार्य है। आवेदिका की आयु 21 से 45 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

एशियन वूमेंस हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी-2026

प्रदेश पहली बार एशियन वूमेंस हॉकी चौम्पियन्स ट्रॉफी-2026 की मेजबानी करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता राजधानी भोपाल के बरखेड़ा नाथू स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 19 से 28 नवंबर तक आयोजित होगी, जिसमें 6 देशों के 150 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कल भोपाल में एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि यह आयोजन केवल एक अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि मध्यप्रदेश की खेल क्षमता, आधुनिक खेल अधोसंरचना और खेलों के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का वैश्विक प्रदर्शन भी होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। इसी दिन 900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रथम चरण का शुभारंभ भी किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में अगले तीन दिन तक तूफान 'मुरासु' का असर देखने को मिल सकता है। 4 और 5 नवंबर को भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 6 नवंबर को धनतेरस के दिन मौसम साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सीधी, मऊगंज और सिंगरौली में मौसम का मिजाज बदल सकता है। इन जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ राज्य सभा सांसद महेश केवट ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट।

ऽ धार जिले में संभागायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला बदर और एनएसए के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ऽ शिवपुरी जिले में नाप-तौल विभाग ने त्योहारों के मद्देनज़र चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान 35 व्यापारिक संस्थानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए।

ऽ खंडवा जिले के वरिष्ठ नागरिक मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 15 नवंबर को मुंबई स्थित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर चौत्यभूमि स्मारक की तीर्थयात्रा पर जाएंगे, जिसके लिए 7 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं।

ऽ इंदौर एवं धार जिला स्तरीय श्रम संवाद क्षमता निर्माण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन इंदौर के प्रीतमलाल दुआ सभागृह में नवीन श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार के लिए किया गया।

ऽ मंडला जिले के इंडोर स्टेडियम में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

ऽ ऑकलैंड के ईडन पार्क में आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की क्रिकेट श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार सुबह साढ़े सात बजे शुरू होगा।

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) कैबिनेट बैठकः मध्यप्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के समग्र विकास, पर्यावरण संतुलन और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 23 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के कई महत्वपूर्ण वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के समक्ष इंदौर में आयोजित हुए अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश के शहरी विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। इसके अंतर्गत वर्ष 2026 की नई शहरी विकास नीति के तहत इंदौर, भोपाल और उज्जैन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 15 नए सैटेलाइट टाउन विकसित करने की योजना है। वहीं एमएसएमई मंत्री चेतन्य काष्यप ने प्रेस वार्ता में बताया कि कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा ली गई बैठक में जानकारी दी गई कि 15 नवंबर को जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मध्यप्रदेश में भव्य रूप से मनाई जाएगी.....

(2) राज्यसभा चुनाव

प्रदेश से राज्यसभा की एकमात्र सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कल नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें भाजपा उम्मीदवार हरदीप सिंह पुरी का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। वहीं, कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी और एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। अब 5 नवंबर को दोपहर तीन बजे नाम वापसी की समय सीमा खत्म होने के बाद हरदीप पुरी का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

(3) टीआई हत्याकांडः शॉर्ट एनकाउंटर

खातेगांव थाना प्रभारी टीआई दिलीप पुरी की ट्रक से कुचलकर कथित हत्या के मामले में देवास पुलिस की कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के शॉर्ट एनकाउंटर हुए हैं। हत्याकांड के मुख्य आरोपी गजेंद्र रावत उर्फ अक्कू और आइशर वाहन के चालक का सह आरोपी धीरज पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश के दौरान गोली लगने से घायल हुए हैं। दोनों घटनाएं अलग-अलग स्थानों पर हुईं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के हथियार छीनकर भागने और हमला करने का प्रयास किया था। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। घायलों को देवास जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

(4) क्रेता-विक्रेता शिविर

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के क्रियान्वयन और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने का अभियान शुरू किया जा रहा है। योजना के ब्याज अनुदान योजना (इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम- आईएसएस) घटक के तहत ई.डब्लू.एस., एल.आई.जी. एवं एम आई जी वर्ग के पात्र परिवारों को गृह ऋण पर अधिकतम 1.80 लाख रूपए तक का ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में प्रत्येक शुक्रवार (अथवा स्थानीय आवश्यकतानुसार किसी अन्य निर्धारित दिवस पर) विशेष क्रेता-विक्रेता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

(5) आशा कार्यकता चयन

प्रदेश में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 3 हजार 62 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनाने के लिए एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इच्छुक पात्र महिलाएं 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगी। चयन के लिए आवेदिका का संबंधित ग्राम की निवासी एवं विवाहित महिला होना अनिवार्य है। आवेदिका की आयु 21 से 45 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

(6) एशियन वूमेंस हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी-2026

प्रदेश पहली बार एशियन वूमेंस हॉकी चौम्पियन्स ट्रॉफी-2026 की मेजबानी करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता राजधानी भोपाल के बरखेड़ा नाथू स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 19 से 28 नवंबर तक आयोजित होगी, जिसमें 6 देशों के 150 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कल भोपाल में एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि यह आयोजन केवल एक अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि मध्यप्रदेश की खेल क्षमता, आधुनिक खेल अधोसंरचना और खेलों के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का वैश्विक प्रदर्शन भी होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। इसी दिन 900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रथम चरण का शुभारंभ भी किया जाएगा।

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा–अवैध शराब के परिवहन, भण्डारण और क्रय–विक्रय पर प्रतिबंध सरकार की प्राथमिकता।
- इंदौर, भोपाल और उज्जैन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 15 नए सैटेलाइट टाउन विकसित किए जाएंगे।
- लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' के संकल्प के साथ आज भोपाल में पदयात्रा, केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल।

और

- प्रदेश में मुरासु तूफान का असर, आज और कल बारिष का अलर्ट।

अब समाचार विस्तार सेः–

प्रधानमंत्री–भूटान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान की ओर से उन्हें समर्पित स्तूप के लिए राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और वहां की जनता का आभार व्यक्त किया है। भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में बनाए गए 108 स्तूपों में से 76वां स्तूप एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह भारत की जनता की ओर से इस सम्मान को गहरी कृतज्ञता के साथ स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि 76वां स्तूप जांगचुब चोर्टेन भारत और भूटान की साझा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के साथ–साथ दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का स्थायी प्रतीक बना रहेगा।

मुख्यमंत्री–बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही का अभियान जारी रहेगा। कल मुख्यमंत्री निवास में बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अवैध शराब के परिवहन, भण्डारण और क्रय–विक्रय पर प्रतिबंध हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली पर प्रतिबंध के बावजूद उपयोग की जाने वाली विस्फोटक सामग्री पर रोक लगाई गई है। अभिभावकों से भी अपने बच्चों को ऐसे पटाखों जिसमें कार्बाइड गन भी शामिल है, से बचाने का आहवान किया है।

कैबिनेट बैठकः मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल मंत्रि–परिषद की बैठक में प्रदेश के समग्र विकास, पर्यावरण संतुलन और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 23 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के कई महत्वपूर्ण वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के समक्ष इंदौर में आयोजित हुए अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश के शहरी विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। इसके अंतर्गत वर्ष 2026 की नई शहरी विकास नीति के तहत इंदौर, भोपाल और उज्जैन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 15 नए सैटेलाइट टाउन विकसित करने की योजना है। वहीं एमएसएमई मंत्री चेतन्य काष्यप ने प्रेस वार्ता में बताया कि कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा ली गई बैठक में जानकारी दी गई कि 15 नवंबर को जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मध्यप्रदेश में भव्य रूप से मनाई जाएगी.....

मध्यप्रदेशः राज्यसभा चुनाव

प्रदेश से राज्यसभा की एकमात्र सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कल नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें भाजपा उम्मीदवार हरदीप सिंह पुरी का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। वहीं, कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी और एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी कांते सायन्ना का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। अब 5 नवंबर को दोपहर तीन बजे नाम वापसी की समय सीमा खत्म होने के बाद हरदीप पुरी का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

टीआई हत्याकांडः शॉर्ट एनकाउंटर

खातेगांव थाना प्रभारी टीआई दिलीप पुरी की ट्रक से कुचलकर कथित हत्या के मामले में देवास पुलिस की कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के शॉर्ट एनकाउंटर हुए हैं। हत्याकांड के मुख्य आरोपी गजेंद्र रावत उर्फ अक्कू और आइशर वाहन के चालक का सह आरोपी धीरज पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश के दौरान गोली लगने से घायल हुए हैं। दोनों घटनाएं अलग–अलग स्थानों पर हुईं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के हथियार छीनकर भागने और हमला करने का प्रयास किया था। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। घायलों को देवास जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज भोपाल में 'लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' के संकल्प के साथ पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल सहित प्रदेश शासन के मंत्री, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। पदयात्रा सुबह 10 बजे अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा, टीटी नगर से प्रारंभ होकर रोशनपुरा तक पहुंचेगी। 'लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' कार्यक्रम के चलते षहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सुबह आठ बजे से भदभदा चौराहा, जवाहर चौक, रोषनपुरा और पॉलिटेक्निक चौराहे सहित आसपास के मार्गों पर यातायात का दबाव रहेगा। पुलिस ने नागारिकों से वैकल्पिक मार्गों के उपयोग करने और निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

सरकार–ए.आई पहल

भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के क्षेत्र में एक बड़ी पहल की है। सरकार ने कल तीन स्वदेशी एआई मॉडल का शुभारंभ किया। इनमें सॉकेट लैब्स का एका–1 और जेन टेक आईक्यू के धीर–2बी और धीर–5बी मॉडल शामिल हैं। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि इन मॉडल्स का उपयोग साइबर सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में किया जा सकता है। ये एआई मॉडल्स बिना इंटरनेट वाले सुरक्षित कंप्यूटर नेटवर्क के लिए भी उपयोगी साबित हो सकते हैं।

क्रेता–विक्रेता शिविर

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के क्रियान्वयन और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने का अभियान शुरू किया जा रहा है। योजना के ब्याज अनुदान योजना (इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम– आईएसएस) घटक के तहत ई.डब्लू.एस., एल.आई.जी. एवं एम आई जी वर्ग के पात्र परिवारों को गृह ऋण पर अधिकतम 1.80 लाख रूपए तक का ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में प्रत्येक शुक्रवार (अथवा स्थानीय आवश्यकतानुसार किसी अन्य निर्धारित दिवस पर) विशेष क्रेता–विक्रेता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

आशा कार्यकता चयन

प्रदेश में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 3 हजार 62 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनाने के लिए एमपी ई–सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इच्छुक पात्र महिलाएं 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगी।

चयन के लिए आवेदिका का संबंधित ग्राम की निवासी एवं विवाहित महिला होना अनिवार्य है। आवेदिका की आयु 21 से 45 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

एशियन वूमेंस हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी–2026

प्रदेश पहली बार एशियन वूमेंस हॉकी चौम्पियन्स ट्रॉफी–2026 की मेजबानी करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता राजधानी भोपाल के बरखेड़ा नाथू स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 19 से 28 नवंबर तक आयोजित होगी, जिसमें 6 देशों के 150 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कल भोपाल में एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि यह आयोजन केवल एक अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि मध्यप्रदेश की खेल क्षमता, आधुनिक खेल अधोसंरचना और खेलों के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का वैश्विक प्रदर्शन भी होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। इसी दिन 900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रथम चरण का शुभारंभ भी किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में अगले तीन दिन तक तूफान 'मुरासु' का असर देखने को मिल सकता है। 4 और 5 नवंबर को भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 6 नवंबर को धनतेरस के दिन मौसम साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सीधी, मऊगंज और सिंगरौली में मौसम का मिजाज बदल सकता है। इन जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- राज्य सभा सांसद महेश केवट ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट।
- धार जिले में संभागायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला बदर और एनएसए के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
- शिवपुरी जिले में नाप–तौल विभाग ने त्योहारों के मद्देनज़र चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान 35 व्यापारिक संस्थानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए।
- खंडवा जिले के वरिष्ठ नागरिक मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 15 नवंबर को मुंबई स्थित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर चौत्यभूमि स्मारक की तीर्थयात्रा पर जाएंगे, जिसके लिए 7 नवंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं।
- इंदौर एवं धार जिला स्तरीय श्रम संवाद क्षमता निर्माण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन इंदौर के प्रीतमलाल दुआ सभागृह में नवीन श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रचार–प्रसार के लिए किया गया।
- मंडला जिले के इंडोर स्टेडियम में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
- ऑकलैंड के ईडन पार्क में आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की क्रिकेट श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार सुबह साढ़े सात बजे शुरू होगा।

————————————